मतदान एवं मतगणना को लेकर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : कलैक्टर

- जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने खैरथल जिला सचिवालय पर ली अधिकारियों की अहम बैठक, सभी रिटर्निंग अधिकारियों को समय पर तैयारियां पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए



खैरथल सचिवालय पर बैठक में अधिकारियों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने के लिए निर्देशित करते जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश।

खैरथल(निसं)। खैरथल तिजारा जिले में पंचायती राज के आम चुनाव के चौथे चरण के मतदान एवं मतगणना को लेकर जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सचिवालय खैरथल पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में चुनाव तैयारियों की एक-एक बिंदु पर समीक्षा की गई और सभी रिटर्निंग अधिकारियों को समय पर तैयारियां पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने जिले के विभिन्न विभागों की ओर से संचालित कार्यशील योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की । जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से योजनावार अब तक हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाएं तथा सभी कार्यों का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों में आ रही बाधाओं का समयबद्ध निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सुबह से ही अपने निर्धारित क्षेत्र में पहुंचकर फील्ड में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल उसका निराकरण करवाएं।

जिला कलेक्टर ने मतगणना केंद्रों पर व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए काउंटिंग रूम में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मतगणना केंद्र के बाहर चारों तरफ भी समुचित लाइटिंग की व्यवस्था करने को कहा गया, ताकि रात्रि के समय किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए स्क्रूटनी एवं नामांकन प्रक्रिया के दौरान हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया की मतदान दिवस के दिन आशा सहयोगिनी सुबह 6:30 बजे तक अनिवार्य रूप से अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर पहुंचे। इसके अतिरिक्त मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं जरूरतमंद मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हीलचेयर तथा आवश्यक मेडिकल सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं हो।

बैठक में जिला कलेक्टर की और से सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो तथा मतदान एवं मतगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, विशेषाधिकारी निर्वाचन ऐश्वर्यम प्रजापति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश मेघवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विराटनगर : लगातार बढ़ रही चोरी के खिलाफ थाने के सामने जताया आक्रोश

- 20 तारीख तक का अल्टीमेटम
- फव्वारा चोरी और बकरी चोरी की बढ़ती घटनाओं से किसानों में आक्रोश, थानाधिकारी ने चोरों की गिरफ्तारी और माल बरामदगी का दिया आश्वासन, कार्रवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

पावटा (निसं)। विराटनगर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों ने ग्रामीणों और किसानों की चिंता बढ़ा दी है। विद्युत ट्रांसफार्मर, खेतों में लगे फव्वारे, पाइप और पशुधन तक चोरों के निशाने पर हैं। चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने अब पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी को लेकर विराटनगर थाने के सामने आक्रोश जताकर पुलिस प्रशासन से चोरों को गिरफ्तार करने और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की गई।

धरना-प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों एवं किसानों ने पुलिस प्रशासन के समक्ष क्षेत्र में लगातार हो रही फव्वारा चोरी और बकरी चोरी की घटनाओं पर गहरी नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चोर बेखौफ होकर किसानों की मेहनत की कमाई और ग्रामीणों के पशुधन को निशाना बना रहे हैं। आए दिन हो रही चोरी की वारदातों से आमजन परेशान हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई और चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। धरना-प्रदर्शन के दौरान थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने प्रदर्शनकारियों को 20 तारीख तक चोरों को पकड़ने तथा चोरी हुए माल की बरामदगी के प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस पर ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 20 तारीख तक चोर गिरफ्तार नहीं होते और चोरी हुए सामान की बरामदगी नहीं होती है तो पुन: विराटनगर थाने के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जनता की मेहनत की कमाई और पशुधन की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है। बार-बार चोरी की घटनाएं होना और उनका खुलासा नहीं होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। अब ग्रामीण केवल आश्वासन से संतुष्ट नहीं होंगे, बल्कि उन्हें ठोस कार्रवाई चाहिए। किसानों ने अपनी प्रमुख मांगें बताई जिनमें क्षेत्र में फव्वारा चोरी एवं बकरी चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा किया जाए। चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

चोरी हुए फव्वारों, पाइपों एवं पशुधन की जल्द बरामदगी की जाए। क्षेत्र में रात्रि गश्त प्रभावी कर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में पुलिस प्रशासन ठोस कार्रवाई नहीं करता है तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। जनता की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

सार-समाचार

विधायक जसवंत यादव को श्रद्धांजलि दी



अलवर (निसं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरुवार को अलवर स्थित आवास पर पहुंचकर बहरोड़ विधायक एवं पूर्व मंत्री दिवंगत डॉ. जसवंत सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. महेश शर्मा, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, किशनगढ़बास विधायक दीपचंद खैरिया, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव तथा हरियाणा विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष संतोष यादव ने भी दिवंगत डॉ. जसवंत सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी ने शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कोलाड़ा ग्राम पंचायत सरपंच ने पदभार संभाला

बौंली -बामनवास,(निसं)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलाड़ा के नवनिर्वाचित सरपंच दयाराम बैरवा ने गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत् पूजा, अर्चना के बाद अपना पदभार संभाला। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने सरपंच का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। पदभार संभालने के बाद मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिना किसी भेदभाव के गांव के हर वर्ग व हर मोहल्ले का विकास किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों से आपसी मतभेद भुलाकर ग्राम पंचायत के विकास में एकजुट होने की अपील की। इस दौरान उप सरपंचअनीता मीणा, पूर्व सरपंच भंवर सिंह राजावत, दशरथ मीणा एवं सभी वार्ड पंच व ग्रामवासी उपस्थित थे।

मतदान कार्मिकों का तृतीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न



टोंक (निसं)। पंचायत आम चुनाव 2026 के चौथे चरण को लेकर जिला प्रशासन एवं निर्वाचन कार्यालय की तैयारियां सुचारु रुप से चल रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने गुरुवार को एनआईसी कक्ष में मतदान कार्मिकों का तृतीय रेंडमाइजेशन किया। रेंडमाइजेशन के दौरान पंचायत आम चुनाव-2026 के लिए नियुक्त मतदान दलों के रिटर्निंग अधिकारी, मतदान अधिकारी, एपीओ-1, एपीओ-2, एपीओ-3 एवं एपीओ-4 का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराई गई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार मीणा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुशील कुमार अग्रवाल एवं डीएमओ नितेश कुमार जैन सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

उचित मूल्य दुकानदार का प्राधिकार पत्र निलंबित

अलवर (निसं)। राशन सामग्री के साथ उपभोक्ताओं को जबरन चाय पत्ती बेचने और चाय पत्ती नहीं लेने पर राशन नहीं देने के मामले में रसद विभाग ने कार्रवाई करते हुए अलवर शहर के एक उचित मूल्य दुकानदार का प्राधिकार पत्र निलंबित कर दिया है। जिला रसद अधिकारी महेश शर्मा ने बताया कि विभागीय टीम ने अलवर शहर में दया चंद जैन उचित मूल्य दुकानदार (पोस कोड 26169) की दुकान का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान सामने आया कि दुकानदार राशन सामग्री के साथ उपभोक्ताओं को जबरदस्ती चाय पत्ती बेच रहा था। चाय पत्ती नहीं खरीदने वाले उपभोक्ताओं को राशन सामग्री देने से भी इनकार किया जा रहा था। इसके अलावा मौके पर मिली चाय पत्ती की गुणवत्ता भी खराब पाई गई। उन्होंने बताया कि यह कृत्य राजस्थान खाद्यान्न एवं आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश, 1976 के तहत जारी प्राधिकार पत्र की शर्तों का उल्लंघन है। इसी के चलते संबंधित उचित मूल्य दुकानदार का प्राधिकार पत्र निलंबित कर दिया गया है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त आज भरतपुर दौरे पर

भरतपुर(निसं)। भरतपुर में राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह पंचायती राज आम चुनावों के पर्यवेक्षण के लिए 13 नवम्बर शुक्रवार को भरतपुर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन कार्यों की प्रगति एवं चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य निर्वाचन आयुक्त शक्रवार को प्रात: 11 बजे जयपुर से रवाना होकर भरतपुर पहुंचेंगे।

निवाई : आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को जागरूक किया

मतदान का दिया संदेश, महिला मतदाताओं को दिलाई मतदान की शपथ



महिला मतदाताओं को शपथ दिलाते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

निवाई (निसं)। पंचायतराज चुनावों को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गांवों एवं ढाणियों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया एवं उन्हें लोकतंत्र में मतदान के महत्व की जानकारी दी।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता दीपक व महिला पर्यवेक्षक अनुजा शर्मा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से महिलाओं एवं युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सामूहिक रूप से मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित कर सभी मतदाताओं को निर्भीक, निष्पक्ष एवं अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया। उन्होंने महिलाओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहने व परिवार एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। स्वीप अभियान का मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना, महिला एवं युवा मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाना एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

विशाल स्काई किंग शो आज से

निवाई (निसं)। सकल जैन समाज के तत्वावधान में 14 व 15 नवम्बर को आचार्य सुन्दर सागर महाराज के 50 वें स्वर्णिम अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोर शोर पर की जा रही है। आयोजक समिति के विष्णु बोहरा ने बताया कि आचार्य ससंघ एवं आर्यिका सुलक्ष्य मति माताजी के निर्देशन में आयोजित दो दिवसीय अवतरण महोत्सव को लेकर 14 व 15 नवम्बर को प्रताप स्टेडियम में विशाल स्काई किंग शो कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव को लेकर अग्रवाल दिगम्बर जैन मंदिर में शनिवार को सुबह 7 बजे भगवान शांतिनाथ का महामस्काभिषेक, 9 बजे प्रवचन, 1 बजे आचार्य सन्मतिसागर विधान व शाम 7 बजे से दी रत्नात्रय शो का आयोजन होगा। रविवार को सुबह 6 बजे जिन अभिषेक क्रियाए, 5 बजे नेमीचन्द सिरस परिवार द्वारा ध्वजारोहण, आदि कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

एक ही वार्ड के मतदाता अलग-अलग जगह करेंगे मतदान

- मतदाता मतदान से पहले अपने बूथ एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो

निवाई (निसं)। पंचायत समिति के पुनर्गठन के बाद निर्वाचन क्षेत्रों के गठन में एक अनूठी स्थिति सामने आई है। पांच ग्राम पंचायतों के कुछ वार्डों में शामिल गांवों के मतदाताओं को अलग-अलग पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन क्षेत्र में शामिल किया गया है। इसके चलते एक ही ग्राम पंचायत वार्ड के मतदाता अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करेंगे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम गंभीर सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत वनस्थली के वार्ड संख्या 14, बिडोली के वार्ड संख्या 2, सजिया के वार्ड संख्या 1, 2 व 4, हनौतिया बुजुर्ग के वार्ड संख्या 3 एवं भरथला के वार्ड संख्या 6 में यह स्थिति सामने आई है। इन वार्डों में शामिल सुरतला ढाणी, त्रिलोकपुरा, दोलतपुरा, श्रीगोविंदपुरा, महासिंहपुरा उर्फ मणुकड़ा, श्रीकपालपुरा, कनेसर, श्रीविजयपुरा, सूरिया, भरथला एवं बीड़ भरथला के मतदाताओं के मतदान बूथ अलग-अलग पंचायत समिति निर्वाचन क्षेत्रों में निर्धारित किए गए हैं। इस व्यवस्था के चलते एक ही ग्राम पंचायत वार्ड में रहने वाले मतदाताओं को पंचायत समिति चुनाव में अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्याशियों को वोट देना होगा। उन्होंने संबंधित मतदान केंद्रों एवं निर्वाचन क्षेत्र संख्या की जानकारी देते हुए मतदाताओं का आव्हान किया है कि मतदाता मतदान से पहले अपने बूथ एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

चातुर्मास के बाद मुनि पहुंचे संत भवन

अलवर (निसं)। जैन भवन में चार माह तक चातुर्मास करने के बाद जैन मुनि सौम्यसागर महाराज का गुरुवार शाम विहार हुआ। महाराज जैन भवन से विहार कर सूर्य नगर स्थित संत भवन पहुंचे। यहां रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह 6 बजे उनका अगला विहार होगा। चातुर्मास समिति के संयोजक अभिषेक जैन ने बताया कि मुनि सौम्यसागर महाराज के सानिध्य में पिछले चार माह के दौरान जैन भवन में अनेक धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। चातुर्मास के दौरान धर्मसभा, प्रवचन और विभिन्न धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, अहिंसा, संयम, त्याग और तपस्या का संदेश दिया गया।

इन कार्यक्रमों में जैन समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि चातुर्मास के दौरान महाराज के सानिध्य में हुए आयोजनों से समाज में धार्मिक वातावरण बना रहा। विभिन्न अवसरों पर आयोजित कार्यक्रमों में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

आगामी पंचायतीराज चुनावों के लेकर पुलिस बल की ब्रीफिंग

- पुलिस बल को सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था खोलने रखने तथा राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का बेसबॉल से पालना करने हेतु निर्देश दिए गए

टोंक(निसं)। पंचायतीराज स्तरीय चुनाव के चौथे चरण के मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, एवं अनियमित माहौल में समृद्ध कराने के उद्देश्य से गुरूवार को जिला मुख्यालय स्थित रिजर्व पुलिस लाइन टोंक में पुलिस बल की एक विशेष ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। ब्रीफिंग के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा द्वारा चुनाव ड्यूटी में नियोजित समस्त पुलिस अधिकारियों, एवं चुनाव में नियोजित पुलिस बल को सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था खोलने रखने तथा राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का बेसबॉल से पालना करने हेतु निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी को अवगत कराया कि पंचायतीराज चुनाव जिला टोंक में चतुर्थ चरण में पंचायत समिति निवाई, टोंक, टोडारायसिंह व मालपुरा आंशिक कुल 4 पंचायत समितियों में दिनांक 13.11.2026 से 17.11.2026 तक मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी।

इस पंचायतीराज चुनावों में सुरक्षा प्रबंध जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में प्रभारी अधिकारी रतन लाल भार्गव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक होंगे। जिनके सहायतार्थ पुलिस सुपरवाइजरी अधिकारी, मोबाइल पर्टिया, मत्तदान केंद्र में योजनाबद्ध जाप्ता व अतिरिक्त रिजर्व पुलिस बल लगाया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा चुनाव को सुखद, निष्पक्ष, निष्पक्ष एवं भयमुक्त से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्णकर ली गई हैं।

ब्रिफिंग के दौरान दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशो में चुनाव ड्यूटी के प्रति पूर्ण संयोजकता एवं जिम्मेदारी का निर्माण करना, मतदान केंद्र को प्रभावित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना कानूनी एवं शांति व्यवस्था रब बनाए रखने के लिए विशेष आवश्यकता रखना निष्पक्षता एवं राजनीतिक तटस्थता बनाए रखने के निर्देश। वही मतदान दल एवं निर्वाचन अधिकारियों के साथ बेहतर संबंध में मोबाइल पार्टियों एवं रिजर्व पुलिस बल की सक्रियता सामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर विशेष निगरानी एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं के प्रति सतर्कता मतदान प्रारंभ होने से लेकर एवं संग्रहण तक निरंतर सुरक्षा व्यवस्था रखना मतदान केदो पर भीड़ प्रबंधन एवं मतदाताओं की सुविधा हेतु अभियान चलाना है।

दुकान से मोबाइल चोरी, 3 लाख की साइबर ठगी

अलवर (निसं)। शहर में होम डेकोरेट दुकान संचालक के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने पहले दुकान से उसका मोबाइल चोरी किया और इसके करीब डेढ़ घंटे बाद ही उसके बैंक खातों से रकम निकालनी शुरू कर दी। पीड़ित के दोनों बैंक खातों से कई बार में करीब 3 लाख रुपए निकाल लिए गए। हैरानी की बात यह है कि पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी उसके खाते से करीब एक लाख रुपए और निकाल लिए गए। अरावली विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विवेकानंद नगर निवासी चंद्रशेखर शर्मा की मालवीय नगर में होम डेकोरेट की दुकान है। पीड़ित ने बुधवार देर शाम अरावली विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने पुलिस को बताया कि 8 नवंबर को वह अपनी दुकान पर मौजूद था। दोपहर करीब 2 बजे उसका मोबाइल चोरी हो गया। उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन मोबाइल का कोई पता नहीं चला। इसके बाद 10 नवंबर को वह बैंक पहुंचा और अपने खातों में हुए लेनदेन की जानकारी ली। बैंक से स्टेटमेंट निकलवाने पर उसे पता चला कि उसके दोनों बैंक खातों से कई बार में करीब 3 लाख रुपए निकाले जा चुके हैं। पीड़ित के अनुसार, मोबाइल चोरी होने के करीब डेढ़ घंटे बाद ही खातों से रकम निकालने का सिलसिला शुरू हो गया था। चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि बैंक खातों से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी उसके खाते से करीब एक लाख रुपए और निकाल लिए गए। इससे उसे और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर मोबाइल चोरी और बैंक खातों से हुए संदिग्ध लेनदेन की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मोबाइल चोरी करने के बाद बदमाशों ने बैंक खातों तक पहुंच कैसे बनाई और रकम किन खातों में ट्रांसफर की गई।

दिवाकरी में अवैध प्लॉटिंग और निर्माण पर चला नगर विकास न्यास का बुलडोजर

न्यास के क्षेत्राधिकार में आने वाले ग्राम दिवाकरी के विभिन्न खसरा नंबरों पर कृषि भूमि को बिना भू-उपयोग परिवर्तन कराए सड़क डालकर विकसित किया जा रहा था

- सचिव महावर ने आमजन से अपील की कि गैर अनुमोदित एवं बिना भू-उपयोग परिवर्तन वाली कृषि भूमि पर विकसित की गई प्लॉटिंग में भूखंड नहीं खरीदें



अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने ग्राम दिवाकरी में अवैध प्लॉटिंग एवं निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की।

अलवर,(निसं)। नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने गुरुवार को ग्राम दिवाकरी में अवैध प्लॉटिंग एवं निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में सड़क और अन्य निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। संबंधित भूमि पर न्यास की स्वीकृति और भू-संपरिवर्तन कराए बिना प्लॉटिंग की जा रही थी।

नगर विकास न्यास की सचिव बीना महावर ने बताया कि न्यास के क्षेत्राधिकार में आने वाले ग्राम दिवाकरी के विभिन्न खसरा नंबरों पर कृषि भूमि को बिना भू-उपयोग परिवर्तन कराए सड़क डालकर विकसित किया जा रहा था। इनमें खसरा नंबर 30, 304 से 307, 311 व 12, 465 से 467, 470, 326 व 327, 448 से 451, 459 से 464, 468 व 469 सहित अन्य भू-भाग शामिल हैं। न्यास की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध प्लॉटिंग एवं निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि संबंधित भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग के खसरा नंबरों के विरुद्ध राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 177 के तहत कार्रवाई भी प्रक्रियाधीन है।

सचिव महावर ने आमजन से अपील की कि गैर अनुमोदित एवं बिना भू-उपयोग परिवर्तन वाली कृषि भूमि पर विकसित की गई प्लॉटिंग में भूखंड नहीं खरीदें। ऐसी भूमि पर निवेश करने से भविष्य में परेशानी हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यास द्वारा इस तरह की अवैध प्लॉटिंग को चिह्नित कर उनके विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाएगी।

ऑयल मिल में आग लगी, मशक्कत के बाद पाया काबू



मील में लगी आग को बुझाते हुए फायरमैन।

निवाई (निसं)। ललवाड़ी रोड पर स्थित अग्रसेन ऑयल मिल में बुधवार शाम को अज्ञात कारणों से मूंगफली के छिलकों के ढेर में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे मिल में अफरा-तफरी का मच गई। मिल में काम कर रहे श्रमिकों ने जैसे ही छिलकों के ढेर से धुआं व आग की लपटें उठती देखीं, तो उन्होंने तुरंत अपने स्तर पर पानी व अन्य संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। सूखे छिलकों के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया एवं बेकाबू हो गई। स्थिति को हाथ से निकलता देख मिल प्रशासन एवं श्रमिकों ने आग की सूचना निवाई फायर स्टेशन को दी। सूचना पर फायरमैन अजय यादव, सुरेश मीणा व चालक हरिनारायण मीणा दमकल वाहन के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर पहुंचते ही दमकल कर्मियों को बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि आग एक बंद गोदाम के भीतर लगी हुई थी। गोदाम में मूंगफली के छिलकों के बड़े-बड़े ढेर लगे होने के कारण वहां से लगातार आग की तेज लपटें व दम घोंटने वाला जहरीला धुआं बाहर निकल रहा था, जिससे अंदर घुसकर आग बुझाना बेहद जोखिम भरा हो गया था। इसके बावजूद दमकल टीम ने साहस व सूझबूझ का परिचय देते हुए लगातार पानी की बौछारें डालकर आग को फैलने से रोका एवं करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायरमैन अजय यादव ने बताया कि अग्रसेन मिल में मूंगफली से तेल निकालने का कार्य किया।